# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, 4 सुभाष रोड़ सचिवालय परिसर, देहरादून–248001

email id election09@gmail.com फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551 फैक्स न0 (0135) –2713724

संख्याः 1171 /XXV-25/2025 देहरादून दिनांक 16 जुलाई, 2026

**विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR-2026) के अन्तर्गत दिनांक 14 जुलाई, 2026 को निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन के उपरान्त दिनांक 15 जुलाई, 2026 (बुधवार) को समय अपरान्ह 03:30 बजे से डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक का कार्यवृत्त**

उपस्थिति :

1. श्री मनोज रावत, प्रतिनिधि, इण्डियन नेशनल कांग्रेस।
2. श्री सुलेमान अन्सारी, प्रतिनिधि, इण्डियन नेशनल कांग्रेस।
3. श्री अरविन्द जैन, प्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी।
4. श्री गौरव सिंह, प्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी।
5. श्री हिमांशु संगतानी, प्रतिनिधित, भारतीय जनता पार्टी।
6. श्री गंधार अग्रवाल, प्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी।
7. श्री सत्येन्द्र, प्रतिनिधि, बहुजन समाज पार्टी।
8. श्री सतेन्द्र चोपड़ा प्रतिनिधि,बहुजन समाज पार्टी।
9. श्री अनन्त आकाश, प्रतिनिधि,कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी)।
10. श्री श्याम बाबू पाण्डेय, प्रतिनिधि, आम आदमी पार्टी।
11. डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
12. श्री प्रकाश चन्द्र दुम्का, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
13. श्री किशन सिंह नेगी, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
14. श्री मस्तू दास, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड द्वारा बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए अवगत कराया गया कि, भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 14 जुलाई, 2026 को निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन सभी पदाभिहित स्थलों पर किया जा चुका है। बैठक में उपस्थित प्रत्येक मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को 02 पेन ड्राइव उपलब्ध कराई गई, जिनमें निम्नलिखित डिजिटल सामग्री सम्मिलित है –

1. दिनांक 14 जुलाई, 2026 को प्रकाशित राज्य के सभी 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदेय स्थलवार प्रारूप निर्वाचक नामावली PDF में।
2. सभी 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की Draft Service Voters List PDF में।
3. सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदेय स्थलों की सूची PDF में।
4. विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाताओं का सांख्यिकीय विवरण (हार्ड कॉपी)।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 की आगे के चरणों की सम्पूर्ण प्रक्रिया का विस्तारपूर्वक विवरण प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुतीकरण में विशेष रूप से SIR–2026 की समय–सारणी, दिनांक 14 जुलाई, 2026 को प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन, दावा एवं आपत्ति की अवधि, नोटिस चरण एवं सुनवाई की प्रक्रिया, अंतिम निर्वाचक नामावली के प्रकाशन की समय–सीमा, Draft Electoral Roll में सम्मिलित मतदाताओं का

सांख्यिकीय विवरण, जिला एवं विधानसभावार मतदाता स्थिति, ASDD (Absent, Shifted, Dead, Duplicate) श्रेणी के मतदाताओं का विवरण, विभिन्न प्रकार की विसंगतियों (Anomalies) की पहचान एवं उनके निराकरण की प्रक्रिया तथा विभिन्न श्रेणी के मतदाताओं से अपेक्षित दस्तावेज के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर Draft Roll एवं ASDD सूची खोजने की ऑनलाइन सुविधा विषयों पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रथम चरण के पूर्ण होने के उपरांत 14 जुलाई, 2026 को प्रारूप निर्वाचक नामावली प्रकाशित कर दी गई है। आलेख्य निर्वाचक नामावली में प्रदेश के 71,33,785 सामान्य मतदाता सम्मिलित किए गए हैं। वर्तमान में सेवा मतदाताओं की संख्या 86,433 है। राज्य में लगभग 8.27 लाख मतदाता ASDD श्रेणी में चिन्हित हुए हैं। पूर्व में राज्य में 11,733 मतदेय स्थल थे, जिन्हें वर्तमान में मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत बढ़ाकर 12,543 किया गया है। 14 जुलाई से 13 अगस्त, 2026 तक दावा एवं आपत्तियाँ Form–6, Form–7 एवं Form–8 पर स्वीकार की जाएंगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया कि किसी एक व्यक्ति द्वारा किसी अन्य मतदाता का नाम हटाने हेतु अधिकतम 05 आपत्तियाँ ही प्रस्तुत की जा सकेंगी। यदि किसी व्यक्ति द्वारा पाँच से अधिक आपत्तियाँ प्रस्तुत की जाती हैं, तो संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ERO) द्वारा व्यक्तिगत जांच कराई जाएगी। वर्तमान प्रारूप मतदाता सूची में लगभग 19 लाख मतदाताओं के संबंध में विभिन्न प्रकार की विसंगतियाँ चिन्हित हुई हैं, जिनके निराकरण हेतु संबंधित ERO/AERO द्वारा नोटिस जारी किए जाएंगे।

बैठक में दलों के प्रतिनिधियों राजनीतिक दलों से पुनः अनुरोध किया गया कि वे अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं बूथ लेवल एजेंट्स (BLA–2) के माध्यम से आलेख्य निर्वाचक नामावली एवं ASDD सूची का सावधानीपूर्वक परीक्षण कराकर यह सुनिश्चित करें कि यदि किसी पात्र मतदाता का नाम आलेख्य निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है अथवा त्रुटिवश ASDD सूची में पाया जाता है तो उससे दावे/आपत्ति प्राप्त करने हेतु निर्धारित अवधि दिनांक 14 जुलाई, 2026 से 13 अगस्त, 2026 के मध्य Form–6 (घोषणा प्रारूप सहित) भरवाकर उसका दावा प्रस्तुत कराया जाए, जिससे उसका नाम अंतिम निर्वाचक नामावली में नियमानुसार सम्मिलित किया जा सके।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा अधिक संख्या में Form–6 उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया, जिस पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में इस अवधि हेतु प्रत्येक बीएलओ को 30–30 Form–6 उपलब्ध कराये गये है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा प्रत्येक बीएलओ को 100–100 Form–6 उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिये गये।

बैठक में आगामी चरणों की कार्ययोजना से भी अवगत कराया गया, जिसके अनुसार 16 जुलाई, 2026 से नोटिसों की PDF तैयार की जाएगी, 20 जुलाई, 2026 तक नोटिसों का मुद्रण किया जाएगा, 25 जुलाई, 2026 से 17 अगस्त, 2026 तक नोटिसों का वितरण एवं तामील कराया जाएगा तथा 24 अगस्त, 2026 तक चरणबद्ध रूप से नोटिसों की सुनवाई एवं निस्तारण किया जाएगा। Form–6, Form–7 एवं Form–8 तथा उनसे संबंधित प्रकरणों का निस्तारण 31 अगस्त, 2026 तक किया जाएगा। अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 15 सितम्बर, 2026 को किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अनुरोध किया कि आगामी नोटिस चरण में उनके द्वारा नियुक्त Booth Level Agents (BLA) सक्रिय भूमिका निभाएं। पार्टी स्तर पर BLA–1 एवं BLA–2 को विशेष रूप से इस प्रक्रिया में सहयोग हेतु प्रेरित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी वास्तविक एवं पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे तथा मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में सभी राजनैतिक दल रचनात्मक सहयोग प्रदान करें।

बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 के आगामी चरणों के सफल एवं पारदर्शी संचालन हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से पूर्ण सहयोग का अनुरोध किया गया। सभी प्रतिनिधियों को प्रारूप निर्वाचक नामावली एवं अन्य संबंधित अभिलेखों की डिजिटल प्रतियाँ उपलब्ध कराते हुए दावा–आपत्ति एवं नोटिस प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

(मस्तू दास)
**सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी,**
**उत्तराखण्ड।**

संख्या– 1171 / **XXV-25/2025** तद्दिनांकित।
प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रदेश अध्यक्ष / महासचिव / सचिव, मान्यता प्राप्त समस्त राष्ट्रीय राजनैतिक दल, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।
2. समस्त जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. कार्यालय प्रति।

(मस्तू दास)
**सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी,**
**उत्तराखण्ड।**

# उत्तराखण्ड राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रगति समीक्षा के संबंध में दिनांक 15 जुलाई, 2026 को अपरान्ह 03:30 बजे से मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आहूत बैठक की उपस्थिति

**बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निम्न सामग्री 02 पैन ड्राइव में उपलब्ध करायी गयी :–**

1. दिनांक 14 जुलाई, 2026 को प्रकाशित राज्य के 70 विधाान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदेय स्थलवार आलेख्य निर्वाचक नामावली की पीडीएफ में।
2. दिनांक 14 जुलाई, 2026 को प्रकाशित 70 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की ड्राफ्ट सर्विस वोटर लिस्ट की पीडीएफ में।
3. 70 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदेय स्थलों की सूची पीडीएफ में।
4. विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाताओं का विवरण (हार्ड कॉपी में)

| क्र. सं. | पदाधिकारी का नाम | दल का नाम | मोबाईल नम्बर | ईमेल आई.डी. | उपस्थिति / हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मनोज रावत | इण्डियन नेशनल कांग्रेस। | 8393039229 | journalistmanoj1968@gmail.com | [signature] |
| 2 | श्री सुलेमान अन्सारी | इण्डियन नेशनल कांग्रेस। | 9897144406 | | [signature] |
| 3 | श्री अरविन्द जैन | भारतीय जनता पार्टी। | 9219508537 | | [signature] |
| 4 | श्री गौरव सिंह | भारतीय जनता पार्टी। | 9219508537 | | [signature] |
| 5 | श्री सत्येन्द्र | बहुजन समाज पार्टी। | 9997183418 | satender1959@gmail.com | [signature] |
| 6 | श्री जसपाल | बहुजन समाज पार्टी। | 8077017794 | | |
| 7 | श्री सत्यपाल | बहुजन समाज पार्टी। | 9412059284 | | |
| 8 | श्री सतेन्द्र चोपड़ा | बहुजन समाज पार्टी। | 9368689368 | [illegible] | [signature] |
| 9 | श्री अनन्त आकाश | कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (मा0)। | 9410365899 | | [signature] |
| 10 | श्री श्याम बाबू पाण्डेय | आम आदमी पार्टी | 9411110685 | Shyambabu17@gmail.com | [signature] |
| 11 | श्री हिमांशु संगतानी | भारतीय जनता पार्टी | 98371427[illegible] | HIMANSHUSANGTANI[illegible] | [signature] |
| 12 | श्री गंधार अग्रवाल | भारतीय जनता पार्टी | 9897167673 | aggarwal.gandhar@gmail.com | [signature] |
| 13 | | | | | |
| 14 | | | | | |



मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ की SIR को लेकर बैठक
(15 जुलाई 2026)




मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ की SIR को लेकर बैठक
(15 जुलाई 2026)




मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ की SIR को लेकर बैठक
(15 जुलाई 2026)




मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ की SIR को लेकर बैठक
(15 जुलाई 2026)